# माँ अंजनी के लाला मेरा एक काम कर दे भजन लिरिक्स

माँ अंजनी के लाला मेरा,
एक काम कर दे,
सुबह सुबह की बालाजी,
मेरी राम राम लेले।bd।

---

सुबह सुबह की राम राम ये,
जीवन संवार देती है,
एक नजर प्रभु राम जी की,
भव से उतार देती है,
नैया मेरी बाबा राम हवाले तू करदे,
सुबह सुबह की बालाजी,
मेरी राम राम लेले।bd।

---

राम नाम का प्याला पीके,
धन्य तुम्हारे भाग हुए,
साथ में लेलो हमको भी,
अब हम तो हैं लाचार हुए,
मेरे दिल के कागज पर तू राम नाम लिखदे,
सुबह सुबह की बालाजी,
मेरी राम राम लेले।bd।

---

राम राम के जप ने तुमको,
बना दिया मस्ताना है,
राम को मेरी अर्जी दे,
कहे 'कुर्मी अमन' दिवाना है,
'कैलाश' तेरा दीवाना है,
'केशव शर्मा' को चरणों में राम के तू करदे,
सुबह सुबह की बालाजी,
मेरी राम राम लेले।bd।

---

माँ अंजनी के लाला मेरा,
एक काम कर दे,
सुबह सुबह की बालाजी,
मेरी राम राम लेले।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गायक – केशव शर्मा जी।
मो. 7217779211
लेखक / प्रेषक – कुर्मी अमन।
मो. 8433455942

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com